# पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही

सी.यू.जी. – 9454400307, दूरभाष- 05414-250236, ई-मेल- spsrn-up@nic.in


**प्रेस नोट**

**दिनांक: 13.06.2025**

**जनपद भदोही**

**◆सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने, शराब के सेवन के बाद अभद्र व्यवहार, सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्याओं के समाधान हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया जा रहा एक साप्ताहिक विशेष अभियान**

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकान के आसपास बैठकर शराब पीने वाले कुल 101 व्यक्तियों का किया गया चालान**

**◆यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 12 वाहन चालकों का किया गया चालान**

**श्री अभिमन्यु मांगलिक,** पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में तथा श्री शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद में सार्वजनिक स्थानों पर खुले में शराब पीने, शराब के सेवन के बाद अभद्र व्यवहार, सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि और ट्रैफिक जाम की गंभीर समस्याओं के समाधान हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा 09 जून 2025 (सोमवार) से 15 जून 2025 (रविवार) तक एक सप्ताह तक चलने वाला विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य जनपद में शांति, सुरक्षा और सुचारु यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

दिनांक 12.06.2025 को उक्त अभियान के तहत थाना भदोही से 16,थाना सुरियावां से 17,थाना ऊंज से 5,थाना दुर्गागंज से 10 थाना औराई से 03, थाना कोइरौना से 12,थाना ज्ञानपुर से 12,थाना चौरी से 26 सहित शराब की दुकान के आसपास बैठकर शराब पीने वाले कुल 101 व्यक्तियों का चालान अंतर्गत धारा 292 बी0एन0एस में किया गया। साथ ही यातायात सड़क दुर्घटना की रोकथाम व ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा ओवर स्पीडिंग व खतरनाक तरीके से वाहन चलाने वाले 12 वाहन चालकों तथा का चालान किया गया।

**आमजन से अपील:** जनपदवासियों से अनुरोध है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और यातायात नियमों का पालन करें तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, अभद्र व्यवहार और यातायात नियमों के उल्लंघन से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर 112 पर दें।

